कोई तुमसे न प्यारा | By Abhishek Nama

देखी सारी दुनिया मैंने देख लिया जग सारा
तुमसा ना प्यारा कोई तुमसा ना प्यारा
धरती से अंबर तक देखा हर एक नजारा
तुमसा ना प्यारा .....

तेरी महक से महक रहे हैं बाग बगीचे सारे
तेरे चरणों की रज लेकर सजते चांद सितारे
सूरज खुद मांगे हैं चेहरे से उजियारा
तुमसा ना प्यारा .....

श्याम श्याम श्याम सांवरिया.....

करतालो के साज से रीझे भजन का भोग लगाएं
जो प्रेमी तुम पर दिल हारे तू उसका हो जाए
भक्त भी तेरे न्यारे और तू भी जग से न्यारा
तुमसा ना प्यारा .....

तू जो प्यार से पत्थर छू ले वह मोती बन जाए
तेरी कृपा से कागज के फूलों में खुशबू है
सोनू के जैसे ही कितनों का भाग्य संवारा
तुमसा ना प्यारा .....

देखी सारी दुनिया मैंने देख लिया जग सारा.....2
तुमसा ना प्या

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a5%8b%e0%a4%88-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%a8-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-abhishek-nama/